सन्देश

रक्षा बंधन के पावन अवसर पर, मैं भारत और विदेश में रह रहे सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

रक्षा बंधन का त्योहार भाइयों और बहनों के परस्पर प्रेम, स्नेह और विश्वास का प्रतीक है। यह पर्व हमारे समाज में मेल-जोल तथा सौहार्द की भावना को प्रगाढ़ करता है। इस विशेष अवसर पर हमें राष्ट्र-निर्माण में बेटियों की सहभागिता बढ़ाते हुए उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रति समर्पित होना चाहिए।

आइए, इस अवसर पर हम ऐसे सौहार्दपूर्ण समाज के निर्माण में अपना योगदान दें जहां महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा का सम्मान किया जाता हो और वे अपनी आकांक्षाओं को निर्बाध रूप से पूरा करें।

****